केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 19/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में हिंदी कार्यशाला का आयोजन ।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में दिनांक 18.12.2024 को रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देश के अनुपालन में संगठन को पूर्ण डिजिटिलाजेशन की ओर बढाने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए ई-ऑफिस विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वक्ता श्रीमती ताहिरा, फील्ड इंजीनियर, रेल-टेल कार्यालय, प्रयागराज ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि ई-ऑफिस के माध्यम से हम कम समय में एवं बिना कागज के सरकारी काम-काज हिंदी एवं अंग्रेजी दोनो ही भाषाओं में आसानी से कर सकते हैं। अभ्यास सत्र के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ई-ऑफिस से संबंधित सभी शंकाओं का समाधान किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करे रहे उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने ई-आफिस पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा पेपर लेश कार्यशैली पर जोर दिया। उन्होने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता होगी तो पुन: इस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

कार्यशाला में मुख्यालय के श्री जगत नारायण, उप मुख्य सामग्री प्रबंधन, श्री संदीप नारायन श्रीवास्तव, वरि. विधि अधिकारी, श्री मृदुल श्रीवास्तव, सहायक सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक श्री बृजेन्द्र सिंह ने किया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज